बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-331
07/10/2024

# मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 1650 करोड़ 33 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं की राशि का लाभुकों के खाते में किया हस्तांतरण

पटना, 07 अक्टूबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में माउस क्लिक कर ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 1650 करोड़ 33 लाख रुपये की राशि का लाभुकों के खाते में हस्तांतरण किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 34 हजार लाभार्थियों को जीविकोपार्जन संवर्द्धन हेतु 113 करोड़ रुपये की राशि का हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री ने 5 अगस्त, 2018 को सतत् जीविकापार्जन योजना की शुरुआत की थी। देशी शराब एवं ताड़ी उत्पादन और बिक्री में पारंपरिक रूप से जुड़े अत्यंत निर्धन परिवारों तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य समुदायों के लक्षित अत्यंत निर्धन परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने जीविका अंतर्गत 48 हजार 500 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 400 करोड़ रुपये का हस्तांतरण किया। साथ ही जीविका अंतर्गत 15 हजार 314 स्वयं सहायता समूहों को 537 करोड़ 33 लाख रुपये की बैंक ऋण की राशि का विभिन्न बैंकों के माध्यम से भी हस्तांतरण किया। जीविका परियोजना अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को बैंक से ऋण की पूंजी उपलब्ध कराई जाती है जिसका उपयोग समूह से जुड़ी महिला सदस्य विभिन्न तरह के स्वरोजगार के लिए करते हैं। इस वित्तीय वर्ष में 5164 करोड़ रुपये बैंक ऋण स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराया गया है।

मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत शौचालय निर्माण के उपरांत 1 लाख 50 हजार परिवारों को 180 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि का हस्तांतरण किया। सात निश्चय 1 योजना के तहत खुले हुए शौच की समस्या के समाधान हेतु शौचालय निर्माण घर के सम्मान कार्यक्रम को शामिल किया गया है जिससे लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रथम चरण (2014–15 से 2019–20) में 1 करोड़ 22 लाख परिवारों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय का स्वनिर्माण कराया गया है। सात निश्चय 2 अंतर्गत 'स्वच्छ गांव–समृद्ध गांव' के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण (2020–21 से 2024–25) अंतर्गत खुले में शौच से मुक्ति के स्थायित्व के सुनिश्चित करने को लेकर राज्य के सभी गांवों में ठोस एवं तरल, अपशिष्ट प्रबंधन का क्रियान्वयन किया जा रहा है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण में अबतक 17 लाख 79 हजार से अधिक परिवारों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय का स्वनिर्माण किया गया है जिसमें से 19 लाख 29 हजार लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 1 लाख 10 हजार परिवारों को आवास की स्वीकृति तथा 1 लाख 05 हजार लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 420 करोड़ रुपये की राशि का हस्तांतरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत कुल 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि 3 किस्तों में आवास निर्माण की प्रगति के साथ दी जाती है।

इनमें से 40 प्रतिशत अर्थात 48 हजार रुपये की राशि राज्यांश के रूप में लाभुकों को दी जाती है।

आगामी 100 दिनों में लगभग 2 लाख 43 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा इस हेतु मनरेगा द्वारा मजदूरी मद में एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा निर्माण मद में लगभग 2800 करोड़ रुपये अंतरित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने हस्तांतरण कार्यक्रम के दौरान कहा कि बहुत ख़ुशी की बात है कि विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के खाते में आज 1650 करोड़ रुपये का हस्तांतरण किया गया है। इससे लाभुकों को तत्काल लाभ मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि सतत् जीविकोपार्जन योजना का लाभ देशी शराब एवं ताड़ी उत्पादन और बिक्री में पारंपरिक रूप से जुड़े अत्यंत निर्धन परिवारों तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य समुदायों के लक्षित अत्यंत निर्धन परिवारों को मिल रहा है। इससे वे स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन रहे हैं। साथ ही इससे उनके परिवारों को भी लाभ हो रहा है। स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण के रूप में मिलनेवाली पूंजी का उपयोग जीविका दीदियां काफी बेहतर ढंग से अपने स्वरोजगार के लिए कर रही हैं। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं जिससे परिवार और समाज में काफी बदलाव आया है। खुले में शौच से मुक्ति को लेकर शौचालय के स्वनिर्माण हेतु लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। इसके लिए हमलोग राशि आवंटित कर रहे हैं। खुले में शौच से मुक्ति को लेकर शौचालय का निर्माण बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य के बेघर और कच्चे आवास में रहनेवाले परिवारों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री हिमांशु शर्मा, जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा कुमारी शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त और लाभार्थीगण जुड़े हुए थे।

******